भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

(जनसम्पर्क निदेशालय)

<u>प्रेस सूचना</u>

मानव संसाधन नीतियों एवं प्रक्रिया नियमावली तथा मानव संसाधन नितिगत योजना का विमोचन।

नई दिल्ली 6 जून, 2014 - श्री आलोक सिन्हा, संयुक्त सचिव, नागर विमानन मंत्रालय तथा अध्यक्ष भाविप्रा ने आज मानव संसाधन नीतियों एवं प्रक्रिया नियमावली तथा मानव संसाधन नितिगत योजना का विमोचन किया। यह नियमावली विभिन्न परिपत्रों, प्रारुपो इत्यादि के रुप में न केवल संगठन में पहले से ही उपलब्ध मानव संसाधन नीतियों तथा प्रक्रियाओं का संकलन है बल्कि कर्मचारी चार्टर का एक नया अध्याय भी इस नियमावली में शामिल किया गया है। इसके साथ ही, इसमें संगठन के भीतर दक्षता में बढोत्तरी के लिए सुधार हेतु मानव संसाधन वर्ग की सेवाओं का ब्यौरा दिया गया है। देश के चहुँओर फैला भाविप्रा एक सर्वव्यापी संगठन है। प्रिंटरुप में मानव संसाधन नियमावली की उपलब्धता निःसंदेह दिशा-निर्देशी सिद्वांत के रुप दैनिक अपेक्षाओं हेतु सुलभ संदर्भ साबित होगी। विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'ग्रीन' के साथ की नियमावली रुपरेखा में समग्र रुप से भाविप्रा की विभिन्न गतिविधियों, झलकियों तथा ग्राफिक को द्रर्शाया गया है।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी

विवरण के लिए कृपया संपर्क करे

महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) 9810025069

011-24622787

सं 13 /2014-15

श्री आलोक सिन्हा, संयुक्त सचिव, नागर विमानन मंत्रालय तथा अध्यक्ष , भाविप्रा, भाविप्रा के बोर्ड सदस्यों के साथ मानव संसाधन नीतियो तथा प्रक्रिया नियमावली तथा मानव संसाधन रणनीतिक योजना का विमोचन करते हुए। (बाएँ से दाएँ) श्री वी. सोमसुन्दरम, सदस्य(एएनएस), श्री जी के चौकियाल, सदस्य(प्रचालन), श्री आलोक सिन्हा, अध्यक्ष, श्री एस. रहेजा, सदस्य(योजना) तथा श्री एस. सुरेश, सदस्य(वित्त)